# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से

भोपाल 70 वां वर्ष संस्करण







# पीएम मोदी बोले-नितिन मेरे बॉस



**12** वें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए | **55** मिनट तक पीएम मोदी ने किया संबोधित | **45** साल की पार्टी और 45 वर्षीय अध्यक्ष

- नितिन ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना की
- पांच राज्यों में होने वाले चुनाव हमारे लिए चुनौती : नबीन

**नई दिल्ली, 20 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी के नए अध्यक्ष नितिन नबीन सोमवार को निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए. मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के नए बॉस को मिठाई खिलाकर उनकी ताजपोशी कराई. नितिन नबीन भाजपा के 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुने गए. 45 साल की पार्टी और 45 वर्षीय अध्यक्ष हुए.**

नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में उनके नाम की औपचारिक घोषणा की गई. इससे पहले वे 14 दिसंबर 2025 को पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए थे. इस मौके पर गृहमंत्री अमित शाह, रक्षामंत्री राजनाथ और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे.

अपने पहले अध्यक्षीय भाषण में नितिन नबीन ने करीब 20 मिनट तक पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि भाजपा में राजनीति सत्ता का साधन नहीं, बल्कि साधना है. 'राजनीति भोग नहीं, त्याग है. राजनीति ऐशो-आराम नहीं, तपस्या है और राजनीति कोई पदभार नहीं, बल्कि उत्तरदायित्व है,' उन्होंने कहा. नितिन ने अपने निर्वाचन को एक साधारण कार्यकर्ता की असाधारण यात्रा का सम्मान बताया और कार्यकर्ताओं से अपने हिस्से का त्याग करने की अपील की.

नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मोदी को एक कार्यकर्ता के रूप में देशसेवा करते देखा है और उनसे यह सीखा है कि जनता की भावनाओं से जुड़ने वाला व्यक्ति ही बड़ा नेता बनता है. उन्होंने भाजपा के ऐतिहासिक नारों और फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि राम मंदिर निर्माण, अनुच्छेद 370 की समाप्ति और कश्मीर में तिरंगे का लहराना कार्यकर्ताओं के त्याग और संघर्ष का परिणाम है.नबीन ने कहा कि आने वाले कुछ महीनों में तमिलनाडु, असम, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी में चुनाव होने जा रहे हैं और इन राज्यों की जनसांख्यिकी पर व्यापक चर्चा हो रही है. बदलती जनसांख्यिकी वहां की स्थिति को बदल रही है और यह हमारे लिए एक चुनौती है लेकिन पूरा भरोसा है कि भाजपा कार्यकर्ता अपने संघर्ष और कड़ी मेहनत के बल पर पार्टी को इन सभी पांचों राज्यों में सफलता दिलाएंगे.

### भाजपा में नेतृत्व बदलता है, संगठन की दिशा नहीं : मोदी

पदभार ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नितिन नबीन को माला पहनाकर उन्हें बधाई दी. इस मौके पर पीएम मोदी ने करीब 55 मिनट तक संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक संस्कार और परंपरा है. उन्होंने कहा, 'लोग सोचते होंगे कि मोदी इतनी कम उम्र में मुख्यमंत्री और फिर सरकार का मुखिया बन गया, लेकिन मेरे लिए सबसे बड़ी बात यह है कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूं. आज मैं मानता हूं कि नितिन जी मेरे बॉस हैं और वे मेरे काम का आकलन करेंगे.' मोदी ने जोर देकर कहा कि भाजपा में पद से ज्यादा महत्व विचारधारा और जिम्मेदारी का होता है. प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संगठन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को एक परिवार बताया और कहा कि पार्टी में नेतृत्व तो बदलता है, लेकिन इसकी दिशा नहीं बदलती। प्रधानमंत्री ने भाजपा के नव निर्वाचित अध्यक्ष नितिन नबीन को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल का अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी और 'शुभकामनाएं' दीं और यह भी कहा कि खुद उनके लिए भाजपा का कार्यकर्ता होना बड़े गर्व की बात है। श्री मोदी ने कहा, हमारी पार्टी में अध्यक्ष बदलते हैं, लेकिन आदर्श नहीं बदलते। नेतृत्व बदलता है, लेकिन दिशा नहीं बदलती। उन्होंने कहा, भाजपा एक संस्कार है, भाजपा एक परिवार है।

# वेनेजुएला और ग्रीनलैंड अमेरिका का हिस्सा

**वॉशिंगटन, 20 जनवरी। अमेरिकी राजनीति में एक बार फिर डोनाल्ड ट्रंप के बयान और कदमों ने अंतरराष्ट्रीय हलकों में हलचल मचा दी है। राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर एक नया मानचित्र साझा किया है, जिसमें कनाडा, वेनेजुएला और ग्रीनलैंड को दिखाया गया है।**

खासतौर पर ग्रीनलैंड को लेकर ट्रंप की पुरानी आक्रामक बयानबाज़ी एक बार फिर चर्चा में आ गई है। इस मानचित्र को कई देश अमेरिकी विस्तारवादी सोच के संकेत के तौर पर देख रहे हैं। कनाडा को बार-बार अमेरिका का 51वां राज्य बताने से लेकर ग्रीनलैंड पर आक्रामक रुख अपनाने तक, ट्रंप का अंदाज़ अंतरराष्ट्रीय संबंधों में तनाव बढ़ा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के चीन दौरे के बाद ट्रंप की नाराजगी खुलकर सामने आई है, वहीं ग्रीनलैंड की संप्रभुता के समर्थन में यूरोपीय देश एकजुट होते दिख रहे हैं।




### ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर मानचित्र किया साझा

राष्ट्रपति ट्रंप ने यूरोपीय देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाने की खुली चेतावनी देते हुए कहा है कि 1 फरवरी से अमेरिका भेजे जाने वाले सभी सामानों पर शुल्क लगाया जाएगा। खासतौर पर ब्रिटेन और नाटो के कई सदस्य देशों को निशाने पर लेते हुए ट्रंप ने साफ कर दिया है कि ग्रीनलैंड और व्यापारिक सौदों को लेकर अमेरिका किसी भी तरह का दबाव बनाने से पीछे नहीं हटेगा।

पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का एक निजी संदेश सार्वजनिक कर दिया, जिसने वैश्विक राजनीति में नई बहस छेड़ दी है।





TOLL FREE NO. 1800-266-0018

Hero MotoCorp Ltd, Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - IL. New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC0173541. For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or CALL TOLL-FREE 1800 266 0018 or visit us on www.heromotocorp.com . Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ~Based on the combined & cumulative dispatch volume of the Splendor range of motorcycles till March 2025. #Internal benchmarking on the basis of data available in public forums for 100cc segment bikes in India. Hero MotoCorp reserves the rights to modify or withdraw any or all the offers without prior notice. #Ex-showroom price of SPLENDOR+ XTEC 2.0 DRUM BRAKE in Madhya Pradesh.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफिज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोरः मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबादः पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, सागरः सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, एसोशिएट डीलरः आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, मंडीदीप: सोनी मोटर्स, 9179461211, 8962143877, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर: गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो, 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सिराली: भायरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, नेहरू नगर, भोपाल: रुद्र एंटरप्राइजेज, 9039011650, 51,52,53, नीलबड़: महाकाल मोटर्स, 9586778889, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379.

RS/Hero/06/25